## परीक्षा समिति की बैठक की कार्य वृत्तः—

आज दिनांक 16.10.2020 को अपरान्ह समय 1.30 बजे परीक्षा समिति की बैठक अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश प्रथम,बस्ती के विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री पृथ्वीपाल यादव एंव सदस्यगण श्री अब्दुल कैयूम तृतीय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश बस्ती, श्री ब्रजेश मणि त्रिपाठी अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश एंव अनन्य न्यायालय पाक्सो ऐक्ट बस्ती, श्री प्रदीप कुमार राम अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम बस्ती एवं श्रीमती तृषा मिश्रा प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बस्ती उपस्थित रहे तथा श्री मुकेश कुमार सिंह चतुर्थ अपर जिला एंद सत्र न्यायाधीश बस्ती कोविड—19 के बीमारी कोरोना वायरस से ग्रसित होने के कारण उपस्थित नहीं आये।

आज की बैठक में दिनांक 18.10.2020 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से आयोजित होने वाली पदोन्नत परीक्षा के सुचार रूप से संचालन हेतु एंव परीक्षा की शूचिता बनी रहे, सुनिश्चित करने के लिए निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया :—

**1.** प्रश्न पत्र, न्यायिक अधिकारी द्वारा तैयार किया जायेगा। जिसका नाम परीक्षा समिति द्वारा तय किया गया है, नाम को गोपनीय रखने हेतु बंद लिफाफे में सील कर रखा जायेगा और केवल सम्बंधित को अवगत करा दिया जायेगा।

**2.** परीक्षा सम्पन्न हो जाने पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी न्यायिक अधिकारी से कराया जायेगा। जिनका नाम परीक्षा समिति द्वारा तय किया गया है, जिसकी गोपनीयता बनाये रखने हेतु सील कबर में बंद लिफाफे में रखा जायेगा।

**3.** परीक्षा प्रश्न पत्र तैयार करने वाले अधिकारी 41 प्रश्न पत्र तैयार कर लिफाफे में बंद कर, सील कर रखेगें तथा दिनांक 18.10.2020 को समय 10.00 बजे प्रातः परीक्षा हाल में परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

**4.** उत्तर पुस्तिकाएं सील कबर में रखी जायेगी, जिन्हें परीक्षा कक्ष में परीक्षा के 10 मिनट पूर्व खोला जायेगा।

**5.** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय बस्ती से अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र निर्गत किये जायेगें। केन्द्रीय नाजिर परीक्षा में बैठने वाले सभी अभ्यर्थियों के दो फोटोग्राफ आज दिनांक 16.10.2020 को सांय 4.00 बजे तक प्राप्त कर लें। इस सम्बंध में केन्द्रीय नाजिर को पहले ही निर्देशित किया जा चुका है।

**6.** परीक्षा कक्ष में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जायेगें।

**7.** चयन समिति के निर्देशानुसार परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत परीक्षा कक्ष में ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्तांक की सूची परीक्षा समिति द्वारा तैयार कर चयन समिति को प्राप्त करा दी जायेगी।

**8.** उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के उपरांत सूची तैयार होने पर उसे अन्य प्रपत्रों के साथ सील कर सुरक्षित चयन समिति को प्रेषित की जायेगी।

16.10.020
(श्रीमती तृषा मिश्रा)
सदस्य,
प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
बस्ती।

16/10/20
(प्रदीप कुमार राम)
सदस्य,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
त्वरित न्यायालय प्रथम, बस्ती।

16/10/2020
(व्रजेश मणि त्रिपाठी)
सदस्य,
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश
अनन्य न्यायालय पाक्सो ऐक्ट,
बस्ती।

(अब्दुल कैयूम)
सदस्य, 16-10-20
तृतीय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
बस्ती।

16/10/2020
(पृथ्वीपाल यादव)
अध्यक्ष,
प्रथम अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
बस्ती।